
## जनपद महोबा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की कार्य प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 04.07.2025 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जनपद महोबा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी, महोदया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं अभियंता गण उपस्थित रहे:-

1. श्री बलराम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, महोबा।
2. श्री लक्ष्मी शंकर, अधीक्षण अभियंता, विद्युत, महोबा।
3. श्री संदेष सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
4. श्री ए.के. शर्मा, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) महोबा।
5. श्री विकास जौहरी, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, महोबा।
6. श्री अशोक कुमार, अधिशाषी अभियंता, जल संस्थान, महोबा।
7. श्री अवधेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, महोबा।
8. श्री सुमित कुमार, अधिशाषी अभियंता, ई0/एम0 जल निगम ग्रामीण, महोबा।
9. श्री अनिल कुमार, अधिशाषी अभियंता, विद्युत-2, जनपद महोबा।
10. श्री अशफाक खान, डीटीएल, टी.पी.आई., सेन्सिस, महोबा।
11. श्री शैलेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, बी.बी.जी. जेवी, महोबा।
12. श्री प्रकाश भारती, प्रोजेक्ट मैनेजर, समृद्धि कन्स्ट्रक्शन, चरखारी।
13. श्री मल्लिकार्जन रेड्डी, एल.एण्ड.टी.।
14. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस.सी.एल.-एस.एम.सी. ।
15. श्री अली मिराज, प्रोजेक्ट मैनेजर,जे.एम.सी.-जे.डब्लू.आई.एल. जेवी।
16. श्री रघुवंश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना ।



1. **शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना**- अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म एल0एण्डटी0 द्वारा कराया गया है परियोजना वर्तमान में 10 वर्षों के लिए ऑपरेशन

Scanned with OKEN Scanner

एण्ड मेंटीनेंस के चरण में कार्य कर रही है परियोजना से आच्छादित 26 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है परियोजना के अन्तर्गत 762 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं, पाइप लाइन लेईंग के पश्चात 66 सड़कों की मरम्मत किया जाना अभी शेष है, तथा परियोजना के अन्तर्गत 72 स्थानों पर लीकेज की रिपेयरिंग किया जाना अभी शेष है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना के आपॅरेशन एण्ड मेंटीनेन्स. इंचार्ज के उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यो यथा टैप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येक दशा में दिनांक 15.07.2025 तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार एवं शत-प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। (आवश्यक कार्यवाही- इन्चार्ज ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, एल.एण्ड टी. द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)

2. **लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना-** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म जे0एम0सी0-जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा कराया गया है परियोजना वर्तमान में 10 वर्षो के लिए ऑपरेशन एण्ड मेटीनेंस के चरण में कार्य कर रही है परियोजना से आच्छादित 37 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है परियोजना के अन्तर्गत 739 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं, पाइप लाइन लेईंग के पश्चात 18 सड़कों की मरम्मत किया जाना अभी शेष है, तथा परियोजना के अन्तर्गत 24 स्थानों पर लीकेज की रिपेयरिंग किया जाना अभी शेष है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों यथा टैप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में 15.07.2025 तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार एवं शत-प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
   **(आवश्यक कार्यवाही- इन्चार्ज, ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, जे0एम0सी0-जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)**

3. **सलैइया-नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना-** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सलैइया-नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म जे0एम0सी0-जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा कराया गया है परियोजना वर्तमान में 10 वर्षो के लिए ऑपरेशन एण्ड मेटीनेंस के चरण में कार्य कर रही है परियोजना से आच्छादित 63 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है परियोजना के अन्तर्गत 427 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं, पाइप लाइन लेईंग के पश्चात 17 सड़कों की मरम्मत किया जाना अभी शेष है, तथा परियोजना के अन्तर्गत 21 स्थानों पर लीकेज की रिपेयरिंग किया जाना अभी शेष है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों यथा टैप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा

Scanned with OKEN Scanner

पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में दिनांक 15.07.2025 तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार एवं शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

(आवश्यक कार्यवाही– इन्चार्ज, ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)

4. **कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना**– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म मै0 एन0के0 गुप्ता जेवी के0बी0 गुप्ता द्वारा कराया गया परियोजना वर्तमान में 10 वर्षों के लिए ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस के चरण में कार्य कर रही है परियोजना से आच्छादित 35 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है परियोजना के अन्तर्गत 88 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं, पाइप लाइन लेईंग के पश्चात 26 सड़कों की मरम्मत किया जाना अभी शेष है, तथा परियोजना के अन्तर्गत 12 स्थानों पर लीकेज की रिपेयरिंग किया जाना अभी शेष है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज एवं प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों यथा टैप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में दिनांक 15.07.2025 तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**(आवश्यक कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)**

5. **धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना**– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म मै0 एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 द्वारा कराया जा रहा है। परियोजना से आच्छादित 86 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है परियोजना के अन्तर्गत 609 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं, पाइप लाइन लेईंग के पश्चात 17 सड़कों की मरम्मत किया जाना अभी शेष है, तथा परियोजना के अन्तर्गत 24 स्थानों पर लीकेज की रिपेयरिंग किया जाना अभी शेष है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों यथा टैप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में दिनांक 15.07.2025 तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार शत–प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

(आवश्यक कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)

6. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियंता वि0/यां0 जल निगम चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत की ट्रिपिंग के कारण परियोजनाओं से आच्छादित ग्रामों में पेयजलापूर्ति अवरूद्ध हो जाती है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित

Scanned with OKEN Scanner

अधीक्षण अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया है कि उक्त समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
**(आवश्यक कार्यवाही– अधीक्षण अभियंता विद्युत)**

7. प्रोजेक्ट मैनेजर, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के निर्माण के दौरान पाइप लाइन को डैमेज कर देने के कारण कतिपय ग्रामों में पेयजलापूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। जिलाधिकारी, महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण के दौरान यदि पाइप लाइन डैमेज होती है तो सम्बन्धित कान्ट्रेक्टर का भुगतान में कटौती करते हुए पाइप लाइन को सही कराया जाए।
**(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग/निर्माण खण्ड/ प्रान्तीय खण्ड)**

नगरीय पेयजल

8. **कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि शासन से योजना की लागत के सापेक्ष लगभग धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल परियोजना से सम्बन्धित घटक इण्टेक बेल पर प्रगति 93 प्रतिशत, डब्लूटीपी पर प्रगति 88 प्रतिशत, रॉ वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 500 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी थी जिसके सापेक्ष 297 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जा चुकी है, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 4600 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है जिसके सापेक्ष 3085.70 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, सी0डबलू0आर0 कम पम्पहाउस पर प्रगति 90प्रतिशत, कलशहा बाबा सी0डबलू0आर0 पर प्रगति 90प्रतिशत, चन्द्रावल सी0डबलू0आर0 पर प्रगति 10प्रतिशत , वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 30.90किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है जिसके सापेक्ष 26.80 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, परियोजना के अन्तर्गत 6669 हाउस टैप कनेक्शन दिए जान हैं लक्ष्य के सापेक्ष 4600 टैप कनेक्शन प्रदान किए गए है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना की कुल प्रगति लगभग 01 माह में मात्र 01 प्रतिशत बढ़ने पर रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित किया गया कि कबरई पुर्नगठन पेयजल परियोजना की कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को अगली समीक्षा बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करायें तथा परियोजना से सम्बन्धित समस्त कार्यो को 15 जुलाई तक प्रत्येकदशा पूर्ण कराते हुए कबरई नगर में सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें अन्याथा की स्थिती में कार्यदायी संस्था पर दण्डात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। **(आवश्यक कार्यवाही– सम्बन्धित फर्म द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय)**

9. **खरेला नगर वाटर सप्लाई स्कीम–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि खरेला नगर वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य मैं0 ब्रिज इंजीनियरिंग वर्क एण्ड बैंकों कन्स्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। स्कीम के अन्तर्गत मौदहा डेम पर इण्टेक बेल का निर्माण किया जाना है इसके लिए नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है तथा परियोजना के अन्य घटकों 4.5 एमएलडी

Scanned with OKEN Scanner

के डबलू0टी0पी0 पर प्रगति 31प्रतिशत, ओ0एच0टी0 पर प्रगति 37 प्रतिशत, एमसीडब्लूआर पर प्रगति 90प्रतिशत, रॉ वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 13 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है प्रगति 8.95 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 2.705 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी शेष है, डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन के अन्तर्गत 41.84 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है प्रगति 39. 516 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, 3081 हाउस टैप कनेक्शन दिये जाने हैं लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 478 हाउस टैप कनेक्शन दिये गए हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना की कुल प्रगति 01 माह के समय व्यतीत हो जाने पर मात्र 03 प्रतिशत प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित किया कि उक्त इण्टेक वेल के निर्माण हेतु एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें तथा स्कीम से सम्बन्धित अन्य घटकों यथा डबलूटीपी, ओएचटी, एमसीडब्लूआर, टैप कनेक्शनों को इंस्टाल कराने हेतु मैन पावर तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए परियोजना के विभिन्न घटकों पर कार्यरत मैनपावर की डिटेल्स अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें एवं अवशेष समस्त कार्यों को 15 जुलाई तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें । **(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय)**

10. **चरखारी नगर वाटर सप्लाई स्कीम–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि चरखारी नगर वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य मै0 समृद्धि एमसीपीएल जेवी द्वारा किया जा रहा है। इण्टेकवेल पर प्रगति 20 प्रतिशत, डब्लूटीपी पर प्रगति 50 प्रतिशत, 700 के0एल0 ओएचटी पर प्रगति 90 प्रतिशत, 400 के0एल0 सीडब्लूआर पर प्रगति 85 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 0.280 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी अभी शेष है, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के अन्तर्गत 61.56 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी है लक्ष्य के सापेक्ष 63.239 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की गयी है, 6419 हाउस टैप कनेक्शन दिए जाने हैं लक्ष्य के सापेक्ष सापेक्ष 5578 टैप कनेक्शन दिए गए हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना की कुल प्रगति 01 माह व्यतीत हो जाने के उपरांत भी मात्र 01 प्रतिशत बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) को चेतावनी प्रदान करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय एवं अधिशाषी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया गया कि परियोजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु समन्वय स्थापित करते हुए अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। **(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल संस्थान, अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय)**

11. **महोबा पेयजल पुर्नगठन योजना (कैप्टिल वर्क)–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि महोबा के नगरीय क्षेत्र में पेयजलापूर्ति हेतु योजना का 10 वर्ष का संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य मै0 ब्रिज–बैंकों–गुप्ता जेवी द्वारा किया जा रहा है। मै0 ब्रिज–बैंकों–गुप्ता जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले कई माह से फर्म को भुगतान रुके होने से परियोजना को संचालित करने में कठिनाई आ रही है। अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) द्वारा

Scanned with OKEN Scanner

अवगत कराया गया कि अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना हेतु वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट के निर्माण हेतु मौजा महोबा गाटा संख्या 58/2 केन्द्रीय विद्यालय के पास, अवर जलाशय हेतु रेलवे कासिंग के आगे बिलवई रोड से लगा गाटा संख्या 278/8, विकास भवन के पीछे गाटा संख्या 1490, हवेली दरवाजा मैदान से लगा हुआ पहाड़ गाटा संख्या 46 तथा सी0डबलू0आर0 एवं अवर जलाशय के निर्माण हेतु पठा तिगैला रोड पावर हाउस के सामने मौजा भटीपुरा में स्थित गाटा संख्या 753 भूमि का चिन्हांकन कर नगर पालिका परिषद, महोबा से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया गया कि फर्म ब्रिज-बैंकों-गुप्ता जेवी के रूके हुए भुगतान हेतु स-समय नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें तथा उक्त भूमियों के चिन्हांकन के पश्चात प्रस्ताव हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय, )**

12. जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि कण्ट्रोल रूम से प्राप्त होने वाली ग्रामीण एवं नगरीय पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों को तत्काल गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाए, उक्त कार्य में लापरवाही अक्षम्य होगी।

**(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय), अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण))**

बैठक समाप्त करते हुए जिलाधिकारी, महोदया द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा।

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

पत्रांकः– 1188 /एस.टी.–जे.जे.एम./2025 दिनांक 08.07.2025

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, महोदया को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशाषी निदेशक, महोदय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोबा।
4. अधीक्षण अभियंता, विद्युत, महोबा।
5. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) महोबा।
6. अधिशाषी अभियंता, जल संस्थान महोबा।
7. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
8. अधिशाषी अभियंता, जल निगम वि0/यां0 (ग्रामीण) महोबा।
9. अधिशाषी अभियंता, निर्माण खण्ड–1 लोक निर्माण विभाग, महोबा।
10. अधिशाषी अभियंता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, महोबा।

Scanned with OKEN Scanner

11. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, महोबा।
12. डी.टी.एल. टी.पी.आई. सेन्सिस महोबा।
13. समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर्स, जल जीवन मिशन जनपद महोबा।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

Scanned with OKEN Scanner